पृष्ठ सं०—.................

	आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गयी टिप्पणी तारीख सहित

न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, बुण्डू (राँची)।

U/S 15 OF THE BIHAR TENANT'S HOLDINGS (MAINTENANCE OF RECORDS) ACT, 1973

दाखिल खारिज अपील वाद संख्या–98 / 2020–21

1. एतवा मछुवा, पिता–मनसा मछुवा, सा०–काँची,
पो०–कांची, थाना–बुण्डू, जिला–राँची।..अपीलार्थी।

बनाम

1. झारखण्ड सरकार अंचल बुण्डू।..विपक्षी।

आदेश

19.11.2020

प्रस्तुत वाद में अपीलार्थी ने अंचलाधिकारी, बुण्डू के द्वारा नामांतरण मुकदमा सं०–71 R27 / 2019-20 में दिनांक–01.08.2019 को पारित आदेश के विरूद्ध यह अपील दायर किया है। जिसके द्वारा निम्नलिखित भूमि का नामांतरण अस्वीकृत किया गया।

भूमि विवरणी

मौजा	थाना	थाना सं०	खाता सं०	खेसरा सं०	रकवा
काँची	बुण्डू	12	62	1209	16 डिसमील

चौहदी:–उ०–मो० दुखनी, द०–चर्दनु मछुवा, पू०–चरण मछुवा, प०–पंचायत भवन एवं रास्ता।

अपीलार्थी की ओर से दायर अपील आवेदन पर सुनवाई हेतु इस अपील वाद को ग्रहण किया गया। अपीलार्थी द्वारा इस वाद में समर्पित निम्न न्यायालय के नामांतरण मुकदमा सं०–71 R27 / 2019-20 का अस्वीकृति की सूचना की प्रमाणित प्रतिलिपि की छायाप्रति का अवलोकन किया गया। जिसमें राजस्व कर्मचारी के मंतव्यानुसार नामांतरण हेतु आवेदित भूमि के खरीद–विक्री में C.N.T. Act का उल्लंघन हुआ है। अतएव इसी आधार पर नामांतरण वाद अस्वीकृत की गयी है। इस पर अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता कहते हैं कि अपीलार्थी आवेदित भूमि को जाति–रोनियर बनिया से क्रय किए हैं जो C.N.T. Act से प्रभावित नहीं है। अतः इसी आधार पर यह अपील स्वीकृत किया जाए एवं अंचल अधिकारी, बुण्डू को उक्त भूमि का दाखिल खारिज करने का आदेश देने की कृपा की जाए।

अपर समाहर्त्ता, राँची के ज्ञापांक–776(ii) दिनांक–01 / 03 / 2012 के द्वारा प्राप्त जातियों की सूची में रोनियर जाति अंकित नहीं है। अतः अपीलार्थी के विद्वान अधिवक्ता को सुनने तथा उनके द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों के अवलोकनोपरांत अपीलार्थी के आवेदन को स्वीकृत किया जाता है एवं अंचलाधिकारी, बुण्डू द्वारा पारित आदेश को निरस्त करते हुए उन्हें इस निदेश के साथ प्रतिप्रेषित (REMAND) किया जाता है कि अपीलार्थी को पुनः सुनते हुए नए सिरे से विधि सम्मत आदेश पारित करना सुनिश्चित करेंगे।

निम्न न्यायालय को इस आदेश की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करें।

लेखापित एवं संशोधित।

Digitally signed by Ajay Kumar Saw
Date: 2021.08.24 11:27:06 +05:30
Location: 10.98.79.5

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
बुण्डू(राँची)।